लखनऊ भ्रमण पर गए परास्नातक के छात्र

लखनऊ में शैक्षिक भ्रमण में शामिल छात्र-छात्राएं। स्वयं

संवाद न्यूज एजेंसी

बकेवर। जनता कॉलेज में भौतिक और प्राणी विज्ञान विभाग से परास्नातक करने वाले छात्र-छात्राओं ने एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण में हिस्सा लिया। इसमें रीजनल साइंस सिटी लखनऊ का भ्रमण कराया गया था।

प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने बताया कि कॉलेज के भौतिक व प्राणी विज्ञान के परास्नातक के छात्र-छात्राओं को एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण पर भेजा गया है। प्राध्यापक डॉ. प्रकाश दुबे, डॉ. ललित गुप्ता एवं मीनू त्रिपाठी के निर्देशन में छात्र-छात्राएं बुधवार को बस से प्रातः लखनऊ के लिए रवाना हुए। संस्थान में छात्र-छात्राओं ने भौतिकी, रसायन एवं जीव विज्ञान से संबंधित जानकारियां प्राप्त कीं। भ्रमण कार्यक्रम को सफल बनाने में रितेश का विशेष योगदान रहा।